हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

13 रामलीला परिषद के रंगमंच पर श्रवण कुमार...


14 शहीदी स्मारक पर चेहरा दिखाने की लगी होड़...


## खबर संक्षेप

### नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर दो अक्टूबर को

**मंडी अटेली।** प्रिया जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से दो अक्टूबर वीरवार को बोचड़िया के राजकीय स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच, ऑपरेशन व दवाई शिविर का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के प्रधान राजेश यादव बोचडिया ने बताया कि शिविर में निःशुल्क जांच के अलावा ऑपरेशन वाले मरीजों को चिन्हित कर उनका मिश्री देवी आई हास्पिटल बहरोड़ के चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन, दवाई आदि निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर में नेत्र जांच विशेषज्ञ डॉ. विरेंद्र यादव, बहरोड की देख-रेख में मरीजों की जांच होगी।

### सैनी सभा पदाधिकारियों का शपथ समारोह आज

**महेंद्रगढ़।** मोहल्ला सैनीपुरा स्थित सैनीपुरा ग्राउंड में बुधवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदरलाल मुदगल करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी व विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी रहेंगे। प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी डॉ. योगेंद्र यादव नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलवाएंगे। सुंदरलाल मुदगल ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा शपथ समारोह में पहुंचने की अपील की।

### कल वंदे भारत ट्रेन को सांसद दिखाएंगे हरी झंडी

**महेंद्रगढ़।** रेलवे स्टेशन पर नई संचालित वंदे भारत ट्रेन को 25 सितंबर की रात 8.30 बजे सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि 25 सितंबर से दिल्ली-बीकानेर नई वंदे भारत ट्रेन संचालित हो रही है। इस ट्रेन को महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर रात 8.30 बजे सांसद धर्मबीर सिंह झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संदीप मालड़ा ने बताया कि इस नई ट्रेन के महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने रेल मंत्री से मुलाकात की थी। रेल मंत्री ने आश्वासन दिया था कि वंदे भारत ट्रेन का महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

### कंबाइन मशीन को ट्रक ने मारी टक्कर

**कनीना।** नेशनल हाईवे 152 डी पर बागोत के समीप हुए सड़क हादसे में कंबाइन मशीन चालक सहित चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चरखी दादरी के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के जिला पटियाला के जलबेडा निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि वह अपनी कंबाइन मशीन लेकर पंजाब से मध्यप्रदेश जा रहा था। शुक्रवार की रात को करीब सवा दो बजे जब वह एनएच 152 डी पर गांव बागोत के समीप पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उनकी मशीन को टक्कर मार दी। जिससे मशीन क्षतिग्रस्त हो गई।

*उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्रक्रिया 21 अक्टूबर तक चलेगी दिल्ली ही नहीं हरियाणा के युवाओं को भी था इस भर्ती का इंतजार*

# दिल्ली पुलिस भर्ती : 7565 कांस्टेबल पदों पर बंपर भर्ती का ऐलान, इनमें 2496 महिला भी होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

देश की राजधानी की सुरक्षा का हिस्सा बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए एसएससी द्वारा भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। कर्मचारी चयन आयोग ने दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के 7565 पदों पर बंपर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह भर्ती अभियान महिला और पुरुष दोनों उम्मीदवारों के लिए होगा और आवेदन प्रक्रिया 21 अक्टूबर तक चलेगी। काफी वर्षों से इंतजार कर रहे युवाओं द्वारा इसमें कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। दिन प्रतिदिन मुकाबला कड़ा होता जा रहा है। हरियाणा या अन्य भर्ती देख रहे युवाओं को इस भर्ती में शारीरिक मापदंड से भी गुजरना पड़ेगा साथ ही लिखित परीक्षा में नेगिटिव मार्किंग भी रहेगी।

**खास बातें**

- युवाओं को इस भर्ती में शारीरिक मापदंड से भी पड़ेगा गुजरना साथ ही लिखित परीक्षा में रहेगी नेगिटिव मार्किंग

### रिक्तियां इस प्रकार रहेंगी

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|
| कांस्टेबल (कार्यकारी) पुरुष | 4408 |
| कांस्टेबल (कार्यकारी) पुरुष भूतपूर्व सैनिक (अन्य) | 285 |
| कांस्टेबल (कार्यकारी) पुरुष भूतपूर्व सैनिक (कमांडो) | 376 |
| कांस्टेबल (कार्यकारी) महिला | 2496 |
| **कुल रिक्तियां** | **7565** |

### कंप्यूटर आधारित परीक्षा

⏭ यह परीक्षा 90 मिनट की होगी, जिसमें कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे और प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। परीक्षा का पैटर्न कुछ इस तरह होगा -

⏭ सामान्य ज्ञान/करंट अफेयर्सः 50 प्रश्न (50 अंक)

⏭ रीजनिंगः 25 प्रश्न (25 अंक)

⏭ संख्यात्मक क्षमताः 15 प्रश्न (15 अंक)

⏭ कंप्यूटर ज्ञानः 10 प्रश्न (10 अंक)

⏭ सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग होगी जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। यह परीक्षा दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में आयोजित होने की उम्मीद है।

### योग्यता और आयु सीमा

इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पुरुष उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त यह है कि उन्हें दस्तावेज सत्यापन के समय कार/मोटरसाइकिल का वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत करना होगा। आयु सीमा की बात करें तो उम्मीदवारों की आयु एक जुलाई, 2025 तक 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसका मतलब है कि उम्मीदवार का जन्म दो जुलाई 2000 से पहले और एक जुलाई 2007 के बाद नहीं होना चाहिए। आरक्षित वर्गों जैसे कि एसी/एसटी के उम्मीदवारों को पांच साल और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन साल की छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रियाः** लिखित परीक्षा से लेकर शारीरिक दक्षता तक भर्ती प्रक्रिया दो मुख्य चरणों में पूरी होगीः कंप्यूटर आधारित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा

कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। इसके मापदंड सख्त है

⏭ **ऊंचाई-** पुरुष उम्मीदवारों के लिए 170 सेमी और महिला उम्मीदवारों के लिए 157 सेमी की न्यूनतम ऊंचाई आवश्यक है।

⏭ **दौड़-** 30 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवारों को 1600 मीटर की दौड़ 6 मिनट में पूरी करनी होगी, जबकि महिलाओं को 8 मिनट का समय मिलेगा।

⏭ **लंबी कूद और ऊँची कूदः** पुरुषों के लिए लंबी कूद 14 फीट और ऊंची कूद 3'9/" होगी। वहीं महिलाओं के लिए लंबी कूद 10 फीट और ऊंची कूद 3 फीट निर्धारित की गई है। आयु और वर्ग के अनुसार इसमें भी छूट दी जाएगी।

⏭ **वेतन और आवेदन शुल्कः** चयनित उम्मीदवारों को लेवल-3 का वेतनमान मिलेगा जो 21700 से 69100 रूपये तक है। यह एक आकर्षक वेतन पैकेज है जो उम्मीदवारों को एक स्थिर और सम्मानजनक करियर प्रदान करेगा।

⏭ आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्लूएस वर्ग के लिए 100 रूपये है। जबकि एसी, एसटी, महिला और पूर्व सैनिक उम्मीदवारों को किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा।

## पहले दिन बाजरा लेकर मंडियों में नहीं पहुंचे किसान

# पहले दिन नहीं कटा कोई गेटपास बाजरे की सरकारी खरीद भी नहीं हुई

**महेंद्रगढ़ जिले में बाजरे की बंपर रिकॉर्ड तोड़ पैदावार हुई**

राजकुमार ⏭ महेंद्रगढ़

बेशक से प्रदेश सरकार ने खरीफ मार्केटिंग सीजन–2025 के तहत एक अक्टूबर की बजाए 23 सितंबर से ही बाजरे की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद करने की घोषणा कर दी है, लेकिन पहले दिन जिला महेंद्रगढ़ की किसी भी अनाज मंडी में न ही एक भी गेटपास कटा और न ही एक दाना बाजरा बेचा गया। पहले दिन किसान बाजरा लेकर मंडियों में नहीं पहुंचे, जिस कारण सरकार द्वारा नियुक्त की गई खरीद एजेंसियां खाली हाथ रही। उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन की शुरुआत एक अक्टूबर से शुरू करने की परंपरा रही है, लेकिन भाजपा सरकार इन नियमों को तोड़ती रही है। इस बार भी ऐसा किया गया और जिले की मंडियों में पहले दिन एक भी किसान बाजरा बिक्री के लिए नहीं पहुंचा। जबकि इस बार महेंद्रगढ़ जिले में बाजरे की बंपर रिकार्ड तोड़ पैदावार हुई है। बंपर पैदावार के पीछे कारण इस बार मानसून सीजन की बिजाई समय से होने एवं फिर बाजरा पकने तक बरसात होने के कारण माना जा रहा है। हालांकि बीच में निरंतर बरसात के चलते बाजरा खराब होने की आशंकाओं ने भी जन्म लिया, लेकिन इसका बहुत व्यापक असर देखने को नहीं मिला। हालांकि जिन किसानों ने बाजरा काटकर खेतों में डाल दिया था, वह बाजरा बरसात होने से खराब जरूर हुआ, लेकिन जो बाजरा बरसात में भी खेतों में खड़ा रहा, वह खराब होने की कम संभावना रही। जब बाजरा कटने का समय आया।



महेंद्रगढ़। बाजरे की आवक के इंतजार में महेंद्रगढ़ की अनाज मंडी।

**यह बोली मैनेजर**

महेंद्रगढ़ मंडी में खरीद के लिए नियुक्त स्टेट वेयर हाउस एजेंसी की मैनेजर रुबी हुड्डा ने बताया कि आज पहले दिन मंडी में कोई किसान बाजरा लेकर नहीं आया है। इस कारण बाजरा नहीं खरीद पाए हैं। जब किसान आएंगे तो बाजरा खरीदा जाएगा, एजेंसी खरीद के लिए तैयार है।

**इस बार बोया है 3.05 लाख एकड़ में बाजरा**

जिला महेंद्रगढ़ कृषि प्रधान जिला है और बाजरे का रेट पिछले कुछ सालों में गेहूं से भी ज्यादा मिलने लगा है। यही वजह है कि इस बार 3.05 लाख एकड़ में अकेले बाजरा बोया गया है। कृषि विभाग के उप निदेशक डा. देवेंद्र सिंह ने बताया कि आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं तथा मेरी फसल मेरा ब्यौरा में यह एकड़ पंजीकृत हैं। पोर्टल पर करीब 92 हजार किसानों ने इतने एकड़ में बाजरा बोया है।

**यह बोले मार्केट कमेटी सचिव**



महेंद्रगढ़ मार्केट कमेटी के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि आज खरीद का पहला दिन था, लेकिन कोई किसान गेटपास कटवाने नहीं पहुंचा। न ही कोई किसान बाजरा लेकर आए। इस कारण पहले दिन खरीद नहीं हो सकी है। मंडी बाजरा खरीद के लिए पूर्णतया तैयार है। इस बार महेंद्रगढ़ के हुडा ग्राउंड तथा सतनाली मंडी में बाजरा खरीदा जाना है।

**2775 रुपये प्रति क्विंटल है बाजरे का रेट**

सरकार किसानों पर खूब मेहरबानी दिखा रही है। सरकार ने इस बार बाजरे का सरकारी समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2775 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो गेहूं के सरकारी समर्थन मूल्य से लगभग 250 रुपये ज्यादा है। किसानों को इस रेट के अलावा फसल खराबे का मुआवजा भी सरकार देती रही है। अबकी बार हालांकि मुआवजा तय नहीं हुआ है, लेकिन मुआवजा देने की संभावनाएं काफी प्रबल हैं।

# नसीबपुर की लड़ाई को हमेशा याद किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

**राव तुलाराम की प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर नमन किया**

अमर शहीद राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने मंगलवार को राव तुलाराम चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति के दौरान राव तुलाराम के नेतृत्व में नसीबपुर में अंग्रेजों के खिलाफ भयंकर युद्ध लड़ा गया। इस युद्ध में राव तुलाराम एवं उनके वीर सैनिकों ने बहादुरी से लड़ते हुए एक ही दिन में 5000 से अधिक सैनिकों की शहादत दी। प्रो. शर्मा ने कहा कि उनकी वीरता और बलिदान को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा वीरों और बलिदानों की धरती है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद तक देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं।



महेंद्रगढ़। शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा।



## अनुबंध कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**नारनौल।** भारतीय मजदूर से संबंधित अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम में विशेष तौर से प्रदेश के अध्यक्ष भूपेश पालीवाल मौजूद रहे। उन्होंने बताया की अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की स्थापना 23 सितंबर 2022 को हुई थी तथा तब से संगठन कर्मचारियों के हित के लिए लड़ाई लड़ता रहा है तथा भविष्य में भी कर्मचारियों की हक की आवाज उठाता रहेगा। इस मौके पर मीडिया प्रभारी अरुण कुमार, रामानंद, घनश्याम, कमलेश, राहुल, वीरेंद्र पवन, रवि, शर्मिला, निशा व श्यामलता आदि मौजूद रहे।

# डीएसपी ने ली बैंक प्रबंधकों की बैठक

- बैंक में रात्रि को सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

डीएसपी दिनेश कुमार और प्रबंधक थाना शहर ने शहर के सभी बैंक प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर के बैंक, एटीएम मशीन और गोल्ड लोन बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत बनाना था। बैठक के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों को एटीएम मशीन और गोल्ड लोन बैंक में रात्रि को सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति करने के निर्देश दिए।



महेंद्रगढ़। बैंक प्रबंधकों की बैठक लेते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

**सीसीटीवी को दुरुस्त रखने के निर्देश**

इसके अतिरिक्त, बैंक प्रबंधकों को बैंक परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरक्षा उपकरणों को दुरुस्त रखने और उनकी नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, बैंक के प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी नजर रखने और किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश को रोकने पर जोर दिया गया। डीएसपी ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। ये न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सैदअलीपुर में किया योगशाला का लोकार्पण

- स्वामी रामदेव की जन्मभूमि स्थल है गांव सैदअलीपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग ऋषि स्वामी रामदेव की जन्मभूमि सैदअलीपुर में निर्मित योग व व्यायामशाला का लोकार्पण किया। योगशाला में ग्रामीणों को शारीरिक अभ्यास करने की सुविधा मिलेगी, जिससे विभिन्न बीमारियों पर अंकुश लग सकेगा। सरपंच ताराचंद ने बताया कि पंचायत की मांग पर तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने योगशाला का निर्माण मंजूर किया था। बजट स्वीकृत होने के बाद पंचायत विभाग ने कंप्लीट निर्माण करवा दिया तथा संसाधानों का प्रबंध किया गया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने योगशाला का लोकार्पण करके ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। आयुष योग प्रशिक्षक अशोक कुमार सोनी ने बताया कि प्रतिदिन 20 से 30 लोग नियमित रूप से योगाभ्यास करने पहुंच रहे हैं। यह योगशाला संपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना की केंद्र बिंदू बनेगी। इस मोके पर योग सहायक बेबी सोनी, अशोक कुमारी, ललित, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, दिनेश आदि मौजूद रहे।



निजामपुर। सैदअलीपुर में निर्मित योगशाला का ऑनलाइन लोकार्पण समारोह में शामिल ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, सह अध्यक्ष रोशनलाल, रजिस्ट्रार डॉ. राजकुमार, डॉ. सतीश समेत अनेक गणमान्य मौजूद रहे। सरपंच ताराचंद ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया और पानी व स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था की मांग की।

## भारतीय बैडमिंटन कोचिंग के क्षेत्र में नितेश यादव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि

# नितेश यादव बने एनएसएनआईएस और बीडब्ल्यूएफ लेवल 3 के कोच

*दुबई में पहली बार आयोजित सेंट्रलाइज्ड कोर्स में विश्वभर से केवल 18 कोच चुने गए थे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर निवासी नितेश यादव ने भारतीय बैडमिंटन कोचिंग के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा आयोजित लेवल तीन कोच एजुकेशन सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। यह प्रमाणपत्र बीडब्ल्यूएफ की ओर से दिया जाने वाला सबसे उच्च स्तर का कोचिंग सर्टिफिकेट है। मई 2025 (24 से 29 तक) को दुबई में पहली बार आयोजित इस सेंट्रलाइजज्ड कोर्स में विश्वभर से केवल 18 कोच चुने गए थे। नितेश न केवल इस वैश्विक चयन में शामिल हुए, बल्कि इसे सफलतापूर्वक पास भी किया। इस कोर्स का परिणाम अभी हाल ही में जारी किया गया है।



नारनौल। लिथुआनिया की टीम के साथ कोच नितेश यादव। फोटो : हरिभूमि

**लिथुआनिया की टीम को दे रहे कोचिंग**

फिलहाल नितेश यादव लिथुआनिया की नेशनल बैडमिंटन टीम (एडल्ट्स और अंडर-19) के हेड कोच हैं। वे लिथुआनिया स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री, विलनियस म्युनिसिपैलिटी व कैपिटल बैडमिंटन क्लब के साथ मिलकर लॉस एंजेलेस ओलंपिक 2028 की तैयारी में लगे हुए हैं। इसके अलावा उनके मार्गदर्शन में लिथुआनियाई खिलाड़ियों ने कई जूनियर इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीते हैं तथा वयस्क स्तर पर भी पदक हासिल किए हैं।

**एक भारतीय कोच, एक वैश्विक सोच**

कोच नितेश यादव का कहना है कि एक छोटे से शहर से निकलकर यूरोप देश लिथुआनिया की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना तथा दुनिया के सबसे ऊंचे कोचिंग सर्टिफिकेट को हासिल करने की यह यात्रा आने वाले समय में भारतीय कोचों व खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन सकती है। इस कोर्स ने मुझे बेहतर कोच ही नहीं, एक बेहतर इंसान भी बनाया है।

# पीएम ने देशवासियों को दिया बड़ा तोहफा

- नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी में बड़े सुधारों की घोषणा करके नवरात्रों पर देश को बड़ा तोहफा दिया है। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार भी आम जनता तक इसका लाभ सुनिश्चित करेगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को सेक्टर-एक में स्थित भाजपा कार्यालय में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थी।



नारनौल। बीजेपी कार्यालय में जीएसटी सुधारों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

**एक राष्ट्र, एक टैक्स से देश आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ये सुधार 22 सितंबर 2025 से लागू हो गए हैं। नए जीएसटी सुधारों और आयकर में छूट को मिलाकर देशवासियों को सालाना बड़ी बचत होगी। एक राष्ट्र, एक टैक्स से देश आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले की चार जीएसटी दरों (पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) को घटाकर दो मुख्य दरों पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस कदम से रोजमर्रा के इस्तेमाल की करीब 99 प्रतिशत चीजें अब पांच प्रतिशत या उससे कम की जीएसटी दर के दायरे में आ गई हैं। इससे आम आदमी को काफी बचत होगी। इसके अलावा सरकार ने बजट में इस वर्ष 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री करके आयकर में राहत का तोहफा दिया है जिससे मध्यम वर्ग को फायदा होगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, पटौदी की विधायक विमला चौधरी, बीजेपी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व डीईटीसी प्रियंका यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगी। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर


**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।*** *भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

***मुंबई।*** *शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है।'*



### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।



### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

## खबर संक्षेप



### न्यायाधीश ने किया नेत्रहीन कन्या विद्यालय का दौरा

**नारनौल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने मंगलवार को खरखड़ी मोहल्ला स्थित अंध विद्यालय का दौरा कर छात्राओं से जाना उनका हाल चाल। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी भी मौजूद थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि आपको किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत है, तो तुरंत बताया जाए। आपकी हर संभव सहायता की जाएगी।

### सीता स्वयंवर की लीला का हुआ मंचन

**मंडी अटेली।** शहर के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला में सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया। मंचन में रंगीला राजा का रोल विक्की पंजाबी व मंत्रीगण ललित सोनी, राकेश सोनी, हर्षिल, सुनील, गिरिराज गुप्ता, सतीश जांगिड़ द्वारा किया गया। गत रात्रि को हुई रामलीला में राजा जनक द्वारा स्वयंवर आयोजित किया जाता है। जिसमें कई राजा मौजूद होते हैं।

### राम जन्म की बधाई पर किए गए हास्य के फुव्वारों ने दर्शकों को खूब हंसाया

# रामलीला परिषद के रंगमंच पर श्रवण कुमार नाटिका का हुआ बेहतरीन मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रामलीला परिषद के रंगमंच पर श्रवण कुमार की यादगार रात्रि ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम मे युवा गुर्जर महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामसिंह गुर्जर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता समाजसेवी अशोक शर्मा बुचौली ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष धनखड़ महाराज गौसेवक उपस्थित रहे। अशोक शर्मा ने रामायण के एक–एक संसर्ग से शिक्षा मिलने की बात कहते हुए उपस्थितजनों का आह्वान किया कि किस प्रकार भगवान राम ने अवतार होते हुए भी अपनी मानवीय लीला से अखण्ड भारत का निर्माण किया। उसी प्रकार हम सब मिलकर समाज में फैली बुराई को समाप्त करने का निर्णय लें।

स्मरण रहे कि रामलीला परिषद के सिद्धपीठ रंगमंच पर जैसे ही युवा कलाकार पंकज यदुवंशी ने संवाद प्रारम्भ किए तो लोगों ने उनकी अभिनय क्षमता पर खूब तालियां बजाई। मंच पर श्रवण का अभिनय कर रहे पंकज यदुवंशी ने अपनी गायनशैली व अभिनय के रसों से प्रत्येक दर्शक के दिल में अपनी छाप छोड़ी। राजा दशरथ सरयू नदी पर जल लेते हुए जैसे ही अपना शब्दभेधी बाण छोड़ते हैं, मंच काफी गमगीन हो जाता है।

दशरथ दलीप गोस्वामी व श्रवण पंकज यदुवंशी के संवाद काफी प्रभावशाली रहे। श्रवण कुमार का हवा में माता पिता को कावड़ में बिठाने का दृश्य काफी रोमांचकारी रहा। श्रवण नाटिका के मंचन में सभी कलाकारों ने अपने–अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया। हास्य कलाकार कृष्ण स्वरूप आवारा और उनकी टीम द्वारा राम जन्म की बधाई पर किए गए हास्य के फुव्वारों ने दर्शकों को खूब हंसाया। बधाई गाने वालो में सतीश श्रवण, सज्जन सेठ और उनकी टीम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। परिषद की ओर से अतिथियों को पुष्पमाला, अंग्वस्त्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयोजक सुधीर दीवान, अमित मिश्रा, अतुल दीवान, रमेश कौशिक, रामचन्द्र जांगड़ा, राजेश बोहरा, अनिल सेठ, विक्की प्रजापत, राजेन्द्र घाघरी, विजय सैनी बिट्टू, प्रदीप सेन, गौतम, किशोरी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। रामलीला परिषद के रंगमंच पर अभिनय करते कलाकार।



महेंद्रगढ़। लीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### राम जन्म की लीला का मंचन

**महेंद्रगढ़।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर तृतीय रात्रि श्रवण कुमार नाटक व राम जन्म की लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्वर्णकार संघ के प्रधान लखीराम सोनी, अध्यक्षता ठेकेदार राजेश लोहिया व विशिष्ट अतिथि नवीन गोयल रहे। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर लीला का शुभारंभ किया। कमेटी के सदस्यों ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कमेटी की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। पूर्व डीईओ मुकेश लावाणिया दर्शकों को रामलीला के वास्तविक रूप के बारे में विस्तार से बताया। प्रथम दृश्य में श्रवण कुमार को माता–पिता के सेवा के दृश्य को दिखाया गया, श्रवण के पात्र में शुभम तिवारी ने मां–पिता के सेवा में गाना गाकर अपने अभिनय का प्रदर्शन किया। सतीश सोनी के संगीत में व आलाप ने माहौल को गमगीन बना दिया। दशरथ हरिशंकर कौशिक, वशिष्ठ कलाकार प्रधान राहुल यादव, शांतनु प्रकाश सैनी, ज्ञानवती सुरेश गौस्वामी, विष्णु मानव, शतानंद कुलदीप, अग्निदेव केशव ने अपने–अपने अभिनय में जान डाल दी। मंच संचालन प्रो. हरिसिंह यादव व अधिवक्ता ललित तवंर ने किया।



नारनौल। रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### भगवान श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ दिया

**नारनौल।** श्रीधार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा की ओर से आयोजित 75वीं रामलीला मंचन के तीसरे दिन फुलवारी, सीता स्वयंवर, शिव धनुष व लक्ष्मण परशुराम प्रकरण की लीला का मंचन कलाकारों ने किया। रामलीला मंचन में रोहिताश अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने कार्यकारिणी के साथ सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया। रामलीला प्रधान नरेन्द्र जैन ने बताया कि शुभम वर्मा ने भगवान राम, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, विकास चौहान ने सीता, मुकेश गोयल ने राजा जनक, बलवंत सैनी ने परशुराम, विशाल हरित ने रावण, मोहित सोनी ने बाणासुर, नरेश बादल ने पेटल सिंह, सत्यम वर्मा ने गुरु वशिष्ठ के किरदार में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।



नारनौल। रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### धनुष यज्ञ व लक्ष्मण-परशुराम संवाद देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**नारनौल।** अनाज मंडी स्थित श्रीकृष्णा ड्रैमेटिकल क्लब के मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से आयोजित की जा रही भगवान श्रीराम की लीला मंचन के चौथे दिन भगवान धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया। मंच संचालक भारत भूषण तायल ने किया। रामलीला का शुभारंभ रामलीला प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट राजकुमार यादव व डॉ. अमित गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर सीएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, कन्हैयालाल निर्मल, प्रकाशचंद सैनी ने किया। प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि कलाकारों ने धनुष यज्ञ व लक्ष्मण-परशुराम संवाद का भावपूर्ण मंचन किया। शिव धनुष टूटने के बाद पहुंचे परशुराम आक्रोशित हो गए। इसके बाद परशुराम व लक्ष्मण का संवाद होता है, जिसे सुनकर दर्शक उत्साहित हो उठते है। परशुराम ने राम की परीक्षा लेने के लिए उनको अपना धनुष चढ़ाने के लिए दिया।



महेंद्रगढ़। अतिथियों को सम्मानित करते कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। शैक्षिक भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### रंगमंच फार्म्स गुड़गांव का किया शैक्षिक भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन की ओर से गुड़गांव के गढ़ी हरसरू क्षेत्र स्थित रंगमंच फार्म्स का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण बच्चों को पुस्तक ज्ञान से बाहर निकालकर व्यवहारिक जीवन, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सुबह विद्यालय परिसर से बच्चों को रवाना किया गया। प्रस्थान से पहले उन्हें अनुशासन, सुरक्षा और सामूहिकता से जुड़ी हिदायतें दी गई। गुड़गांव पहुंचने के बाद विद्यार्थियों का स्वागत पारंपरिक ढंग से किया गया और उसके बाद गतिविधियों की शुरुआत हुई। बच्चों ने फार्म में आयोजित विभिन्न खेलकूद और साहसिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। रस्सी पुल, जिपलाइन, टायर बैलेंस, स्काई साइक्लिंग और तीरंदाजी जैसी रोमांचक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में साहस और आत्मविश्वास की भावना विकसित की। समूह खेल में क्रिकेट, वॉलीबॉल और फुटबॉल के दौरान बच्चों ने टीम वर्क और नेतृत्व का परिचय दिया। वहीं मिट्टी के खेल, पौधारोपण, ग्रामीण खेल और प्राकृतिक भ्रमण जैसी गतिविधियों से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण जीवन शैली का अनुभव किया। फार्म में बने पशु-पक्षियों के बाड़ों और जैविक खेती के प्रदर्शन ने भी बच्चों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक रूप से सक्रिय करते हैं बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन रूपराम यादव, प्राचार्य रामवीर यादव, उपप्रधानाचार्य कृष्ण यादव तथा ऑब्जर्वर उमेश यादव उपस्थित रहे।

# स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा निःशुल्क

**आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 सितंबर को होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं।



महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय।

सीईओ मनीष राव ने बताया कि आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कला, कल्चरल, विभिन्न जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के विश्वास के कारण आज महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है। सीईओ मनीष राव द्वारा अभिभावकों के समक्ष घोषणा की कि इस स्कॉलरशिप के आधार पर बीते वर्ष की तरह ही कक्षा 11वीं के 120 बच्चों को सुपर 30 के माध्यम से हॉस्टल सहित विद्यालय स्तर की पूर्ण शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी।

**रहने खाने की होगी व्यवस्था**

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं।

### श्रवण नाटक का हुआ मंचन

**महेंद्रगढ़।** प्राचीनतम एवं सर्वश्रेष्ठ संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रभु श्रीराम की मानवीय लीला का मंचन आने वाली पीढ़ी पर एक गहरा असर डालता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र यह दर्शाता है कि किस प्रकार हम इस श्रेष्ठतम संस्कृति को जीवित रखते हुए। हमें अपने जीवन में सभी मर्यादाओं का अपनाते हुए अपना जीवन जीना चाहिए। उपरोक्त विचार हरियाणा व्यापार मंडल प्रधान सुनील अग्रवाल व महासचिव समाजसेवी संजय मित्तल ने प्रकट किए। श्रवण नाटक की तृतीय रजनी पर सुमित मेहता, शिवरतन मेहता, सुमित गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोहल्ला सैनीपुरा स्थित ग्राउंड में प्रभु श्री राम की लीला का मंचन बड़े ही नाटकीय अंदाज में किया गया। कमेटी संरक्षक जितेंद्र चौधरी ने बताया मंचन को उत्कृष्ट बनाने के लिए सभी संसाधनों का उचित इस्तेमाल किया जा रहा है।

### यदुवंशी कॉलेज में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**महेंद्रगढ़।** यदुंवशी कॉलेज में मंगलवार को शहीदी दिवस मनाया गया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान, शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्रांगण में दीप प्रज्वलित और शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। कुछ विद्यार्थियों ने राव तुलाराम को याद करते हुए उनके जीवन पर आधारित एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया। इस नाटक ने वातावरण को भावुक कर दिया।



### नए जीएसटी ढांचे से व्यापारी व जनता खुश

**महेंद्रगढ़।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित नए जीएसटी ढांचे से देशभर के व्यापारी वर्ग और आम जनता में खुशी की लहर है। शर्मा मंगलवार को शापिंग कांपलेक्स मार्केट में व्यापारी नेता नरेश गोयल के शोरूम पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। अब जीएसटी केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत में रहेगा। जरूरी वस्तुएं जैसे अनाज, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और बीमा या तो टैक्स फ्री होंगी या फिर पांच प्रतिशत के न्यूनतम स्लैब में आएंगी। उन्होंने कहा कि जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था।

# बलिदानों से मिली हैं आजादी: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सांस्कृतिक अहीरवाल कार्यालय पर आयोजित शहीदी दिवस पर संस्था निदेशक सत्यव्रत शास्त्री कहा कि देश में 1000 वर्ष से लंबे संघर्ष काल के बाद एक निर्णायक लड़ाई 1857 में शुरू हुई। समस्त देशभर में एक साथ आजादी की अलख जगाकर अंग्रेज को भारत से समाप्त करना था, लेकिन किन्हीं गलतियों से यह संघर्ष 90 वर्ष और आगे बढ़ा तथा 1947 में देश को आजादी मिली, लेकिन 1857 के महान क्रांतिकारी का बलिदान यह तय कर चुका था कि देश को देर सबेर आजादी मिलेगी। जिस समय संपूर्ण विश्व में अंग्रेजों का साम्राज्य था। उस समय भारत में भी अधिकतम राजा राजवाड़े अंग्रेजों की गुलामी में लगे हुए थे, ।लेकिन अहीरवाल का यह क्षेत्र जिसने अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार न करके पूर्ण स्वतंत्रता की लड़ाई में अपने आपको छौंक दिया, इसका प्रत्यक्ष गवाह बना नसीबपुर का मैदान, जहां अंग्रेजी सेना के साथ तीन दिन तक लगातार युद्ध हुआ। जिसमें अहीरवाल की सेना के साथ अनेक राष्ट्रभक्त राजा सामंत शामिल हुए थे, लेकिन दुर्भाग्य से नसीबपुर का युद्ध भारतीय सेना हार गई और अंग्रेजों ने इस संपूर्ण राज्य को अपने अधीन कर लिया।



नारनौल। राव तुलाराम को श्रद्धासुमन अर्पित करते सत्यव्रत शास्त्री व अन्य।



महेंद्रगढ़। वेबिनार में मौजूद अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### हैप्पी स्कूल में एक दिवसीय वेबिनार आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लर्निंग आउटकम्स ऑफ पेडागॉजी विषय पर एक दिवसीय वेबिनार आयोजित किया गया। इस दौरान विषय विशेषज्ञ बानी मेंहदीरत्ता गोदारा मुख्य प्रवक्ता रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के जीव विज्ञान के अध्यापक एवं सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन प्रशांत कुमार ने किया। विद्यालय पहुंचने पर मुख्य प्रवक्ता और विशिष्ट अतिथि का अभिनंदन विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि प्रभावी शिक्षा के लिए शिक्षकों को छात्रों के सीखने के परिणाम की स्पष्ट समझ होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जब शिक्षक परिणाम को ध्यान में रखकर पढ़ाते हैं, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। वेबिनार के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।



नारनौल। राव तुलाराम को श्रद्धासुमन अर्पित करते इनेलो कार्यकर्ता।

### राव तुलाराम को श्रद्धासुमन अर्पित

**नारनौल।** इनेलो के वरिष्ठ नेता राव होशियार सिंह ने कहा कि बलिदानियों का सम्मान पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल व पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के कार्यकाल में सर्वाधिक किया गया। वह मंगलवार को नसीबपुर में शहीद स्मारक पर राव तुलाराम व अन्य बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वरिष्ठ इनेलो नेता एडवोकेट जसबीर सिंह ढिल्लो ने कहा कि बलिदानियों का सम्मान करना बहुत जरूरी है। पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल ने हमेशा ही बलिदानियों का सम्मान किया। उनके सम्मान में 25 सितंबर को रोहतक में रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली में पूरे प्रदेश से इनेलो कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर छोटेलाल गहली, नवनीत सिंह ढिल्लो, जयसिंह सैनी, सुरेश चौधरी, कर्णसिंह यादव, सतपाल छिलरो, सत्यनारायण सैनी, रामकिशन यादव आदि मौजूद थे।

### हैप्पी क्लास रूम कार्यशाला आयोजित



**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला के तत्वावधान में एक दिवसीय हैप्पी क्लास रूम शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के लगभग 60 शिक्षकों व प्राचार्यों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को हैप्पी क्लास रूम पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को खुशी व सकारात्मकता के साथ सीखने का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस पद्धति का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक व भावनात्मक विकास में मदद करना और उन्हें आत्मविश्वास तथा आत्म सम्मान की भावना विकसित करने में सहायता करना था। सीबीएसई रिसोर्सपर्सन विकास चौधरी व अंशु यादव ने कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को हैप्पी क्लास के बारे में बताया और इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# राव तुलाराम का बलिदान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा वीर शहीदी दिवस के अवसर पर जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान राजकुमार खातोद कार्यकर्ताओं के साथ नसीबपुर शहीदी स्मारक पहुंचे और महान शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की गाथाएं आज भी हर भारतीय के दिल में जोश व गर्व का संचार करती हैं। उन्होंने बताया कि 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम ने मात्र 32 वर्ष की आयु में हजारों स्वतंत्रता सेनानियों की अगुवाई कर अंग्रेजों से ऐतिहासिक युद्ध लड़ा था। नसीबपुर की धरती इस महान बलिदान की साक्षी रही। जहां करीब पांच हजार सैनिकों ने वीरगति प्राप्त की। इस मौके पर श्रद्धांजलि देने वालों में सुरेंद्र पटीकारा, रामकुमार मकसूसपुर, विनोद भील, प्रमोद ताखर, विजयपाल अधिवक्ता, नगर पार्षद संदीप भांखर, वीरेंद्र घटाशेर, महेंद्र खन्ना, अनमोल गुप्ता, मुकेश मित्तल, बहादुर नांगलिया, राजकुमार जांगड़ा, केशव वर्मा, बजरंग गुर्जर, मेहराम गुर्जर, ऋतुराज चौधरी, सत्तू खटीक, कुणाल शुक्ला, कृष्ण यादव नीरपुर, कुलदीप यादव, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे। जिन्होंने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके अमर बलिदान को नमन किया।



नारनौल। नसीबपुर के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते जजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद व कार्यकर्ता।

### बसपा नेता ने किया शहीदों को नमन



नारनौल। शहीद प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित करते बसपा नेता अतरलाल व अन्य।

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हरियाणा वीर व शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खरखड़ाबास व धनौंदा गांव के वीर शहीद अशोक कुमार, शहीद अफल सिंह, शहीद हरस्वरूप सिंह, शहीद रमेश कुमार, शहीद सचिन शर्मा, शहीद महेशपाल सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर देश के शहीदों को नमन किया। अतरलाल ने कहा कि देश के शहीदों से समाज व राष्ट्र को देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है, जो कौम और राष्ट्र अपने शहीदों को याद रखता है, उसका भविष्य हमेशा उज्ज्वल रहता है। उन्होंने केंद्र सरकार से देश के वीर शहीद परिवारों को शहीद स्मारकों की देखभाल हेतु दो लाख रुपये की अनुदान राशि देने की मांग की। इस मौके पर राजेंद्र सिंह नंबरदार, कैलाश सेठ, राकेश यादव, दानसिंह प्रजापत, प्रोफेसर सुभाषचंद यादव, ओपी यादव, गुरुदत्त पंच आदि मौजूद थे।



नारनौल। सिंघानिया यूनिवर्सिटी। फोटो : हरिभूमि

### सिंघानिया यूनिवर्सिटी में रोजगार मेला आयोजित

**नारनौल।** पचेरी स्थित सिंघानिया यूनिवर्सिटी में 25 एवं 26 सितंबर को भव्य रोजगार मेला लगेगा। इस दो दिवसीय मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में बीटेक, डिप्लोमा और आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सिंघानिया यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों ने बताया कि यह रोजगार मेला युवाओं के लिए अपने कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी योग्य छात्रों से इस रोजगार मेले में पंजीकरण कर सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है, जिसका संचालन टीओपी सेल द्वारा किया जाएगा। अधिक जनकारी के लिए वेबसाइट विजिट कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### फ्री स्वास्थ्य शिविर में 256 रोगियों की जांच

**नारनौल।** आयुष विभाग ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन जन एवं पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम के साथ मनाया। बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद अस्पताल पटीकरा में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्रीनिवास गुज्जरवार के मार्गदर्शन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें विशेषज्ञों ने 256 रोगियों को निःशुल्क परामर्श व औषधियां दी। शिविर में हाई बीपी, शुगर, खून की कमी, त्वचा संबंधित बीमारी, सांस संबंधित दिक्कत जैसे अस्थमा, पाचन संबंधी दिक्कतें, नाक, कान, गले के रोगियों का उपचार किया।

### गाय कई औषधियों से परिपूर्णः विक्की पंसारी

**मंडी अटेली।** गोसेवा को समर्पित व ग्लोबल गो सेवा ब्रांड एंबेसडर से नवाजे गए विक्की पंसारी का कस्बे में मंगलवार को पहुंचने पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। चमन गोयल के नेतृत्व में हुए समारोह कस्बे के हिमांशु क्लाथ एंपोरियम पर हुए समारोह में कस्बे के गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं स्मृति चिह्न दिया। केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी द्वारा काऊ केयर होलिस्टल अवार्ड से सम्मानित विक्की पंसारी ने कहा कि उसका जीवन का लक्ष्य गायों को सड़कों पर बेसहारा के रूप में घूमे।

### नवरात्रः मंदिर में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**महेंद्रगढ़।** नवरात्रि के दूसरे दिन माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्माचारिणी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर साध्वी शक्तिनाथ ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाती है। इनको ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। कठोर साधना करके ब्रह्म में लीन रहने की वजह से इनको ब्रह्मचारिणी कहा गया है। साध्वी शक्तिनाथ ने बताया कि अबकी बार माता रानी हाथी पर सवार होकर आई है। हाथी भगवान गणेश का स्वरूप है।

### राजकीय कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपित कर किया। प्राचार्या प्रो. पूर्ण प्रभा ने कहा कि मां केवल जीवन का आधार ही नहीं हैं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण भी मां का ही रूप हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान हमें यह संदेश देता है कि जैसे मां हमारे जीवन को संवारती है।

### पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ किया नमन

# शहीदी स्मारक पर चेहरा दिखाने की लगी होड़, जिले की राजनीति गर्माई

**कोरियावास मेडिकल कॉलेजः नामकरण पर दो धड़ों में बंटी भाजपा, एक राव तुलाराम करने तो दूसरा पहले रखें नाम पर सहमत**



नारनौल। शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते डा. अभय सिंह यादव व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर जिप प्रमुख राकेश कुमार, अध्यक्ष भारती सैनी, नप उपप्रधान संजीव यादव, सरला यादव, चेयरमैन कर्मपाल यादव, संजय सैनी, पार्षद मोहनलाल शर्मा, पार्षद कपिल यादव, पार्षद विशाल सैनी, पार्षद सिकंदर सैनी सहित नांगल चौधरी विधानसभा व नारनौल शहर से जुड़े लोग मौजूद रहे।*


सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज कोरियावास का नाम प्रदेश की भाजपा सरकार ने रखा। कॉलेज नाम को लेकर जिले में दो धड़े बने हुए है। एक धड़ा नाम राव तुलाराम के नाम पर रखने की मांग पर अड़ा है और कई माह से निरंतर धरना दे रहा है। दूसरा धड़ा कहने को तो जो नाम सरकार ने रखा है, उसी के पक्ष में है। अब जब मंगलवार को शहीदी दिवस था तो शहीद स्मारक नसीबपुर में कौन श्रद्धांजलि देने आए और कौन नहीं आए, ताकि बाद में इसे भी मुद्दा बनाकर भुनाया जा सके। इस सवाल में घिरने से बचने के लिए मंगलवार दिनभर खासतौर पर राजनीति से जुड़े लोगों की भीड़ उमड़ी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, विधायक ओमप्रकाश यादव टीम के साथ पहुंचे। कुछ देर बाद वहां पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जेजेपी, इनेलो व कांग्रेस पार्टी के नेता भी पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।

वहीं, पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ हुडा सेक्टर आवास से एकत्रित होकर चले। इसमें उनके नांगल चौधरी विधानसभा और नारनौल शहर से भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यहां से गाड़ियों के काफिले के रूप में नसीबपुर शहीदी स्मारक पर पहुंचे। वहां पुष्प अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ अभय सिंह यादव ने कहा कि सबसे पहले तो मैं आज इस शहीदी दिवस पर सर्वप्रथम 1857 के महान योद्धा राव तुलाराम को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। नमन करता हूं। साथ ही उनके दो भाई जो युद्ध भूमि में शहीद हुए, राव कृष्ण गोपाल जी व रामलाल जी और उनके साथ हजारों योद्धा जो युद्ध में शहीद हुए, नमन करता हूं। 1947 से ऑपरेशन सिंदुर तक हमारे इस इलाके के बहुत सारे नौजवान बहादूरों ने अपने वतन के लिए जान की कुर्बानी दी है। 1962 का युद्ध हो, युद्ध के इतिहास में प्रसिद्ध है। उस बर्फिलियों चोटियों चोटियों पर बिना सुविधा और प्रयाप्त हथियारों से लड़ाई लड़ी और 119 में से 114 जवान शहीद हुए। मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में यह जो लड़ाई लड़ी, दुनिया के युद्ध के इतिहास में सबसे बड़ी लड़ाई थी। उनसे दस गुणा चीन की फौज थी, जिन्हें हमारी सेना ने आगे नहीं बढ़ने दिया। चीन को कब्जा नहीं करने दिया। हमें गर्व है। चाहे कारगिल की लड़ाई हो, चाहे 1965 में पाकिस्तान से लड़ाई हो और चाहे ऑपरेशन सिंदुर हो। हर लड़ाई में हमारे जवानों ने देश के लिए कुर्बानियां दी है। एक ओर बात बताऊं कि युद्ध में कुर्बानी देने से बड़ी कोई कुर्बानी नहीं होती। जान से प्यारा इंसान के लिए कुछ नहीं होता। जो अपनी जान न्यौछावर कर दें, उसे कुर्बानी कहते है। एक शहीद अपने वतन के लिए खुद को न्यौछावर करता है, उसकी अपनी दुनिया तो उसी दिन खत्म हो जाती है। उसके साथ ही उसके परिवार व रिश्तेदारों पर जो–जो कठिनाईयां आती है, वह जानते है।

**संघर्ष समिति ने किया हवन**

शहीद राव तुलाराम के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण करने की मांग को लेकर कोरियावास में कॉलेज गेट पर धरना देने वाले लोग भी शहीदी स्मारक पर पहुंचे। यहां हवन में आहूति डाली। इस दौरान धरना देने वाले युवा विकास यादव ने कहा कि आज का दिन शहीदों केनाम है। आज के ही दिन शहीद राव तुलाराम की अगुवाई में ज्ञात व अज्ञात करीब 5000 सैनिकों ने आजादी के लिए कुर्बानी दी थी। यहां पक्ष व विपक्ष सभी राजनीतिक दलों के लोग पहुंचे। संघर्ष समिति की मेहनत रंग ला रही है। हम सभी के सहयोग से संघर्ष में ओर तेजी लाएंगे और जो प्रण लिया है, उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।



नारनौल। शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देने पहुंची स्वास्थ्य मंत्री आरती राव।

### स्वास्थ्य मंत्री ने शहीद स्मारक पर शहीदों को किया नमन

**नारनौल।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा वीरों तथा बलिदानियों की धरा है। देश के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद भी यहां के वीरों ने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को नसीबपुर स्थित शहीद स्मारक पर हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों व आम नागरिकों ने भी शहीदों को नमन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों की शहादत हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि राव तुलाराम के नेतृत्व में नसीबपुर में अंग्रेजों के खिलाफ एक भयंकर युद्ध लड़ा, जिसमें उन्होंने और उनके सैनिकों ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। यहां एक ही दिन में पांच हजार से अधिक सैनिकों ने अपनी शहादत दी थी। उनकी वीरता और साहस को हमेशा याद किया जाता है। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी, पटौदी की विधायक बिमला चौधरी, बीजेपी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, भाजपा नेता हेमंत भारद्वाज सिहमा, मनोज सेकवाल मौजूद रहे।



नारनौल। छात्राओं को सम्मानित करता संस्थान स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### आईटीआई में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकगीत व लोकनृत्य के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति के बारे में बच्चों को बताया गया। संस्थान प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में बताया कि किस प्रकार हम ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी संस्कृति को जिंदा रख सकते हैं व अपनी जड़ों से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की वर्ग अनुदेशिका मनीषा यादव के मार्गदर्शन में रितु व निशा के सहयोग से करवाया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न लोकगीतों व लोकनृत्य से समा बांध दिया। जिसमें लाडो झुकने न दिए मेरा सिर नाटक प्रस्तुति चर्चा का विषय रहा। मंच संचालन निधि यादव ने किया। संस्थान के एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल ने बच्चों से कहा कि किस प्रकार वह सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर नए स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं।

# विद्या भारती स्कूल में पीटीएम का आयोजन



नारनौल। पीटीएम में भाग लेते अध्यापक-अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

- चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में मंगलवार को अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सतबीर सिंह, जयसिंह, विजेन्द्र, गगन, पवन, हार्दिक, अनिल, दिनेश, लोकेश, राकेश, दिनेश, सतीश, राजपाल, समुंदर, राजकुमार, विमला, प्रद्युम्न सिंह, निरंजन सिंह, अमित कुमार, रीना, अनिला यादव, बलवीर सिंह, राकेश, कुलदीप, अमर सिंह, लीलाराम, सुनीता, रमेश, धर्मवीर, हरीराम, नवीन, रामचरण, बबली, नरेन्द्र, पवन, हंसराज, पवन आदि अनेक अभिभावकगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य सपना मल्होत्रा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी इत्यादि उपस्थित रहे। प्राचार्य विनोद कुमार यादव व चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने अभिभावकों से समय-समय पर अपने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेने के लिए आग्रह किया।

### सिहमा में प्रजापति महासभा की बैठक

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला इकाई की बैठक बाबा खेतानाथ मंदिर सिहमा में अमीलाल प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक की शुरुआत महाराजा दक्ष प्रजापति एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। वहीं महासभा की ओर से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में विचार विमर्श किया, जिसमें बच्चों के मानसिक विकास के लिए प्रतियोगिता कराने के लिए सहमति जताई गई। महासभा की ओर से समाज हित में किए गए कार्यो से खुश होकर सागरपुर के सरपंच सूबेसिंह प्रजापति व दौगड़ा अहीर से ठेकेदार लालचंद प्रजापति ने विधिवत रूप से महासभा की सदस्यता ग्रहण की। प्रधान विजय सिंह ने बताया कि समाज के बच्चों के लिये शिक्षा बेहद जरूरी है, ताकि रोजगार के अवसर खुल सकें। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बल देते हुए बेटों के साथ-साथ बेटियों को शिक्षित करने के लिए विशेष ध्यान देना चाहिए।

### अग्रवाल सभा ने मनाया 62वां अग्रसेन महोत्सव

# अग्रसेन जयंती पर बुजुर्ग किए सम्मानित

**विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। महाराजा अग्रसेन का डोला निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

अग्रवाल सभा की ओर से 62वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव सभा भवन में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य यजमान विनय कुमार गोयल एडवोकेट व उनकी पत्नी सुशील गोयल ने कथा व्यास सुशील भारद्वाज ने हवन करवाया। बद्रीप्रसाद गर्ग ने बताया कि मुख्य अतिथि जयप्रकाश संघी, अध्यक्ष राजेश चौधरी, विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र चौधरी, रमेश कुमार अग्रवाल गोद, गौरव अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, केदारनाथ गोयल ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पार्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बीएपीएस स्कूल, मांइ छोटा स्कूल, सीएल पब्लिक स्कूल, एसडी स्कूल, यूरो किड्स स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभा प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के 80 साल के ऊपर के बुजुर्गों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा प्रधान ने बताया कि अग्रवाल का भवन में कम्युनिटी हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए जयंती संयोजक रामजीलाल मित्तल ने पांच लाख रुपये का सहयोग दिया। जयंती संयोजक रामजीलाल मित्तल व शोभायात्रा संयोजक अरुण नूनीवाला ने बताया कि दो बजे महाराज अग्रसेन का डोला सभा भवन से शुरू हुआ। जिसमें सुंदर सुंदर झांकियां, बैंड, गतका अखाड़ा, गणेश, लक्ष्मी, हनुमान, मीरा, काली माई की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

**ये रहे मौजूद**

प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट, महामंत्री रवी गर्ग, उप प्रधान सूरज अग्रवाल, मंत्री कृष्ण कंछल, कोषाध्यक्ष प्रवीन बंसल, जयंती संयोजक रामजीलाल मित्तल, सह संयोजक रमेश जिंदल, हीरालाल मित्तल, विकास गर्ग, सचिन गोयल, भंडारा संयोजक नवीन बंसल, सहसंयोजक विपिन अग्रवाल, प्रमोद टीका, शोभा यात्रा संयोजक अरुण गुप्ता, सहसंयोजक महेश कुमार गोयल, संजय गोयल, गीता गोयल, मंच संचालक संजय गर्ग, सुभाष गर्ग, दिनेश कुमार सिंघल, रमेश कुमार अग्रवाल, मोहित चौधरी, अमित चौधरी, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, राकेश बंसल, राजकुमार मित्तल, संजय मित्तल, मुकेश मित्तल, केदारनाथ गोयल, महेश पत्रकार, पूर्व प्रधान सत्यनारायण गुप्ता, धर्मेंद्र भोजावासीय, बेगराज गोयल, वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान ढुलीचंद, नेत्र कन्या विद्यालय के प्रधान मुखराम, संदीप गुप्ता, सुशील गोयल, विनय कुमार गोयल मौजूद रहे।

### माता सती वेलफेयर समिति ने लगाई नंदीशाला में सवामणी



नारनौल। नंदीशाला में गौ सवामणी करते समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली। फोटो : हरिभूमि

- हिंदू धर्म में पूज्नीय मानी जाती हैं गोमाता : गहली

**नारनौल।** माता सती वेलफेयर समिति गहली की ओर से नवरात्र पर्व के प्रथम दिन सोमवार को गौसवामणी लगाई गई। खालड़ा स्थित नंदी गोशाला में लगाई इस सवामणी में चुरी और हरी सब्जी को शामिल किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली ने कहा कि गाय को हिंदू धर्म में एक पवित्र पशु माना जाता है, जो समृद्धि और सुख-शांति का प्रतीक है। गाय की देखभाल और संरक्षण से पर्यावरण को भी लाभ होता है, क्योंकि वे जैविक खाद और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का स्रोत हैं। गाय को चारा खिलाना एक पवित्र कार्य माना जाता है, जो उनकी सेहत और सुख-शांति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गाय की पूजा करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ होता है, और यह एक पवित्र और धार्मिक कार्य माना जाता है। उन्होंने गौभक्तों को आह्वान किया कि वह नियमित गौवंश की सेवा के लिए गौशाला आएं और उनकी सेवा करें। वहीं उनके साथ आए पार्षद संदीप भांखर ने कहा कि समिति नियमित रूप से सामाजिक, धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेती है।

**हरे चारे की लगाई सवामणी**

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने अनाथ गोशाला परिसर में पूर्व प्राचार्य प्रेम यादव कांवी ने गोमाता के लिए हरे चारे की सवामणी लगाई। संजय शर्माद्व कार्यक्रम संयोजक दिनेश शर्मा, ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, मुकेश वालिया, ओशीन शुक्ला, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

